# <u>कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर</u>

क्रमांक : शिविरा/माध्य/स्थिरी–अ/34805/2017 दिनांक :

संयुक्त शासन सचिव,
शिक्षा(ग्रुप–2)विभाग,
राजस्थान सरकार,
जयपुर।

विषय : शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापकों /कार्मिको के ग्रामीण क्षेत्र के विधालयो मे उपलब्ध रिक्त पदो से वेतन आहरण व्यवस्था में मकान किराया भत्ता एव नगर क्षति पूर्ति भता देयता के संबध में मार्गदर्शन बाबत।

प्रसंग : आपका पत्र क्रमांक प.8(123)शिक्षा–2/2024–20312 जयपुर दिनांक 03.09.2024

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापकों/कार्मिको के ग्रामीण क्षेत्र के विधालयो मे उपलब्ध रिक्त पदों से वेतन आहरण व्यवस्था में मकान किराया भत्ता एव नगर क्षति पूर्ति भता देयता के संबध में आप द्वारा यह अवगत करवाने को कहा गया था कि **"प्रथमतः यह स्पष्ट करावें कि पद रिक्त/स्वीकृत नहीं होने के पश्चात भी पदस्थापन किस नियम/आदेशों के तहत किया गया है।"**

उक्त संबंध में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा ने अपने पत्रांक क्रमांकः–ईजेडी/ स्कूल–शिक्षा/ जोध/ईए/वेतन व्यवस्था/2024/दिनांक 12.09.2024 द्वारा यह अवगत कराया है कि राज्य सरकार के नीतिगत निर्णय की पालना में नवीन महात्मा गांधी विद्यालय खोलने, तत्समय संचालित राप्रावि/राउप्रावि/ रामावि/राउमावि को महात्मा गांधी विद्यालयों में रूपान्तरित करने एवं विद्यालय क्रमोन्नत करने के आदेश जारी किये गये। इन नवीन/रूपान्तरित/क्रमोन्नत महात्मा गांधी विद्यालयों/क्रमोन्नत विद्यालयों में शिक्षको/कार्मिको के पद स्वीकृत नहीं होने के उपरान्त भी विद्यालय संचालन हेतु राज्य सरकार/निदेशालय निर्देशानुसार शिक्षको/कार्मिको का पदस्थापन किया गया। एवं इनकी वेतन व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित विद्यालयो में उपलब्ध रिक्त पदों से की गयी।

**<u>राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की पूर्ति में बड़ी संख्या में उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया गया, इनमें अभी पदों की स्वीकृति अब तक प्राप्त नहीं हुई है। विभाग की आवश्यकता और इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हित में शिक्षकों का पदस्थापन किया गया है। पदों की स्वीकृति के प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए गए हैं, जो स्वीकृत किए जाने हेतु प्रक्रियाधीन है ।</u>**

**वित्तीय सलाहकार**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Dhawan
Designation : Financial Advisor
Date: 2024.11.25 14:03:42 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 11865581